बच्चों ने जाने अंतरिक्ष के राज

देहरादून। यूसर्क और स्पेक्स की ओर से फूलचंद नारी शिल्प मंदिर गर्ल्स इंटर कॉलेज और श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज मोथरोवाला में शनिवार को अंतरिक्ष व खगोलशास्त्र पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सौ से अधिक बच्चों को अंतरिक्ष के रहस्यों के बारे में विस्तार से समझाया गया। मौके पर गुरु राम राय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य दिनेश डोबरियाल, यूसर्क की निदेशक डॉ. अनिता रावत, मोना बाली, राघव शर्मा, सौरभ कौशल, डॉ. बृज मोहन शर्मा आदि मौजूद रहे।



उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि की ओर से शनिवार को संबद्ध संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। • हिन्दुस्तान

आईटी गोपेश्वर कैंपस ने मारी बाजी

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि ने अपने परिसरों और संबद्ध संस्थानों के बीटेक-बीफार्मा छात्रों के लिए इंटर कॉलेज प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस स्पर्धा में कुल 22 टीमों ने भाग लिया, जिसमें आईटी गोपेश्वर कैंपस ने जीत हासिल की।

आईटी गोपेश्वर कैंपस के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र यश गुप्ता की टीम ने पहला स्थान पाया। इस संस्थान के छात्रों ने थ्री-इन-वन मल्टीफंक्शन सिस्टम (एसी/रेफ्रिजरेटर/वाटर हीटर) पर आधारित प्रोजेक्ट तैयार किया था। उधर, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर देहरादून की इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की छात्रा शिवांगी सैनी की टीम का 'ड्राइवर सुरक्षा के लिए एंटी स्लीपर अलार्म' प्रोजेक्ट दूसरे स्थान पर रहा। तीसरा स्थान पाने वाली नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट पिथौरागढ़ परिसर के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र अमन संतोलिया की टीम ने प्लास्टिक टाइल्स पर प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन दिया था। मौके पर फाउंडर कुलपति प्रो. वीके तिवारी, रिटायर प्रोफेसर डॉ. एके आहूजा आदि मौजूद रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में मंदाकिनी सदन रहा अव्वल

देहरादून। द हैरिटेज स्कूल में आयोजित अंतर सदनीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने मॉडलों से विज्ञान की बारीकियों को दर्शाया। मंदाकिनी सदन को ट्राफी प्रदान की गई। अव्वल आने वाले मंदाकिनी सदन को स्कूल की काउंसलर चारू चौधरी, प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजू त्यागी ने सम्मानित किया। यहां चेयरमैन चौधरी अवधेश कुमार, निदेशक विक्रांत चौधरी मौजूद थे।